सोशल मीडिया पर अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं पुलिस कर्मियों की समस्याओं के समाधान पर भी जोर

» सद्भावना का प्रतीक

श्रावस्ती। पुलिस उपमहानिरीक्षक, देवीपाटन परिक्षेत्र गोंडा अशोक कुमार शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में रविवार को पुलिस कार्यालय सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई।गोष्ठी में पुलिस कर्मियों की वेतन विसंगति, अवकाश, महंगाई भत्ता (डीए) तथा अन्य सेवा संबंधी समस्याओं को सुना गया और उनके त्वरित समाधान पर बल दिया गया। साथ ही सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग पर विशेष जोर देते हुए चेतावनी दी गई कि किसी भी कर्मचारी द्वारा अव्यावसायिक वीडियो, अश्लील चैट, अभद्र व्यवहार या विभाग की छवि धूमिल करने वाली सामग्री सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान विभाग की प्राथमिकता है, जिससे अनुशासन और कार्यक्षमता दोनों मजबूत हों। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों एवं यूनिट अधिकारियों को अधीनस्थ कर्मचारियों की शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार, समस्त शाखा प्रभारी, थाना प्रभारी, प्रभारी निरीक्षक तथा पुलिस लाइन और पुलिस कार्यालय में तैनात करीब 100 अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद सभी थानों पर भी पुलिस कर्मियों को सोशल मीडिया नीति का पालन करने के निर्देश दिए गए।

स्कूल बसों की नियमित करें फिटनेस जांच

एसपी कार्यालय सभागार में व्यापारियों के साथ बैठक करते एएसपी। -पुलिस

श्रावस्ती। एएसपी चंद्रकेश सिंह ने रविवार को एसपी कार्यालय सभागार में व्यापारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सर्राफा, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी और ईंट भट्ठा संचालकों की समस्याएं सुनीं। व्यापारियों ने यातायात व्यवस्था, सड़क अतिक्रमण और अवैध डग्गामार वाहनों की समस्या बताई। उन्होंने पेट्रोल पंपों पर सुरक्षा और स्कूल बसों की नियमित फिटनेस जांच की मांग की। एएसपी ने भीड़-भाड़ वाले बाजारों से अतिक्रमण हटवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने पेट्रोल पंपों पर सुरक्षा मजबूत करने की बात कही। स्कूल बसों की फिटनेस जांच के लिए विभागों से समन्वय का निर्देश दिया गया। इस दौरान सूफी सगीर अहमद, दीनानाथ गुप्ता जिला, राजेश कुमार रस्तोगी, आलमगीर, करुणेश कुमार आदि व्यापारी मौजूद रहे। (संवाद)